# अध्याय - 4 | राजनीतिक दल

QUIZ PART-04

1. **राज्य दल के रूप में मान्यता पाने के लिए किसी दल को क्या करना होता है?**
   A. 10% वोट और 5 सीटें जीतना
   B. 6% वोट और कम से कम 2 सीटें जीतना
   C. 4% वोट और 1 सीट जीतना
   D. केवल 1% वोट और कोई सीट नहीं (B)

*व्याख्या :* राज्य विधानसभा चुनाव में कम से कम 6% वोट और 2 सीटें जीतने पर पार्टी को राज्य दल का दर्जा मिलता है।

2. **समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल किस प्रकार के राज्य दल हैं?**
   A. राज्य-केंद्रित दल
   B. क्षेत्रीय पहचान वाले दल
   C. सीमित सफलता वाले अखिल भारतीय दल
   D. धार्मिक दल (C)

*व्याख्या :* समाजवादी पार्टी और राजद राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय हैं, लेकिन कुछ राज्यों में ही सफल रहे हैं।

3. **बीजू जनता दल किस श्रेणी में आता है?**
   A. राष्ट्रीय दल
   B. सीमित सफलता वाला अखिल भारतीय दल
   C. राज्य-केंद्रित दल
   D. साम्यवादी दल (C)

*व्याख्या :* बीजू जनता दल एक राज्य-केंद्रित दल है, जो मुख्यतः ओडिशा राज्य की पहचान पर आधारित है।

4. **1996 से राज्य दलों की क्या स्थिति रही है?**
   A. वे केवल राज्य तक सीमित रहे
   B. लगभग हर राज्य दल को केंद्र सरकार का हिस्सा बनने का अवसर मिला
   C. वे चुनाव हारते रहे
   D. वे केवल विपक्ष में रहे (B)

*व्याख्या :* 1996 के बाद लगभग हर राज्य दल को किसी न किसी राष्ट्रीय गठबंधन सरकार का हिस्सा बनने का अवसर मिला।

5. **क्षेत्रीय दलों के बढ़ने से किसे मजबूती मिली?**
   A. तानाशाही
   B. संघवाद और लोकतंत्र
   C. एक-दलीय व्यवस्था
   D. न्यायपालिका (B)

*व्याख्या :* क्षेत्रीय दलों की संख्या और शक्ति बढ़ने से संघवाद और लोकतंत्र दोनों को मजबूती मिली।

6. **2014 तक कोई भी राष्ट्रीय दल लोकसभा में अपने बल पर बहुमत क्यों नहीं पा सका?**
   A. क्योंकि चुनाव आयोग ने रोक लगा दी थी
   B. क्योंकि क्षेत्रीय दल मजबूत हो गए थे
   C. क्योंकि केवल दो दल थे
   D. क्योंकि जनता ने मतदान नहीं किया (B)

*व्याख्या :* क्षेत्रीय दलों के उदय के कारण राष्ट्रीय दलों को गठबंधन करना पड़ा और वे अकेले बहुमत नहीं ला पाए।

7. **राज्य दल और राष्ट्रीय दल में मुख्य अंतर क्या है?**
   A. राज्य दल केवल एक राज्य तक सीमित रहते हैं, राष्ट्रीय दल कई राज्यों में सक्रिय रहते हैं
   B. राज्य दल पूरे भारत में सक्रिय रहते हैं
   C. राष्ट्रीय दल केवल संसद में सक्रिय रहते हैं
   D. राज्य दल चुनाव नहीं लड़ते (A)

*व्याख्या :* राज्य दल केवल एक राज्य में सक्रिय रहते हैं, जबकि राष्ट्रीय दल पूरे देश या कई राज्यों में प्रभाव रखते हैं।

8. **माक्सवाद-लेनिनवाद में विश्वास करने वाली पार्टी कौन-सी है?**
   A. NCP B. CPI
   C. DMK D. BSP (B)

*व्याख्या :* भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (CPI) माक्सवाद और लेनिनवाद के विचारों में विश्वास करती है।

9. **बहुजन समाज पार्टी (BSP) किसके विचारों से प्रेरणा लेती है?**
   A. दीनदयाल उपाध्याय
   B. साहू महाराज, महात्मा फुले, रामास्वामी नायकर और डॉ. अम्बेडकर
   C. गांधीजी और नेहरु
   D. पटेल और टैगोर (B)

*व्याख्या :* BSP दलित, पिछड़े और वंचित वर्गों की आवाज़ बनकर साहू महाराज, फुले, नायकर और अम्बेडकर से प्रेरणा लेती है।

10. **राज्य दलों के बढ़ते महत्व का चुनावी राजनीति पर क्या असर पड़ा?**
    A. राष्ट्रीय दलों को राज्य दलों से गठबंधन करना पड़ा
    B. राष्ट्रीय दलों ने चुनाव से दूरी बना ली
    C. राज्य दलों ने राष्ट्रीय दलों को खत्म कर दिया
    D. राज्य दल केवल विपक्ष में रहे (A)

*व्याख्या :* राज्य दलों की शक्ति बढ़ने से राष्ट्रीय दलों को सरकार बनाने के लिए उनके साथ गठबंधन करना पड़ा।